# गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

# Guru Ghasidas Vishwavidyalaya

(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in


क्रमांक 252 /बै.प्र./**2024** बिलासपुर, दिनांक : 26-10-2024

**प्रति,**

**समस्त सम्माननीय सदस्यगण**
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

**विषय :–** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 191वीं बैठक दिनांक 26.10.2024 के कार्यवृत्त का प्रेषण।

–––0–––

**महोदय/महोदया,**

विषयान्तर्गत, दिनांक 26.10.2024 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 191वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ संलग्न प्रेषित है।

आदेशानुसार

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**

पृ0 क्रमांक 253 /बै.प्र./**2024** बिलासपुर, दिनांक : 26-10-2024

**प्रतिलिपि :–**

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
03. निदेशक, आईक्यूएसी/सहायक कुलसचिव–अकादमिक/प्रशासन/विकास/प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**कुलसचिव (कार्यवाहक)**

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 191वीं बैठक दिनांक 26.10.2024 का कार्यविवरण**

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 191वीं बैठक दिनांक 26.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ0 मुंशीराम, प्रभारी अधिष्ठाता | सदस्य |
| 3. | प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी | सदस्य |
| 4. | प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव | सदस्य |
| 5. | प्रो0 एल.व्ही.के.एस. भास्कर, प्रभारी अधिष्ठाता | सदस्य |
| 6. | प्रो0 हरित झा, प्रभारी अधिष्ठाता | सदस्य |
| 7. | प्रो0 सी.एस. वझलवार | सदस्य |
| 8. | प्रो0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 9. | प्रो0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एच.एस.तिवारी | सदस्य |
| 11. | डॉ0 अमित कुमार गुप्ता, प्रभारी अधिष्ठाता | सदस्य |
| 12. | प्रो0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 13. | प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति | सदस्य |
| 14. | डॉ0 बबिता माझी | सदस्य |
| 15. | श्रीमती श्वेता सिंह | सदस्य |
| 16. | डॉ0 एस. श्वेता | सदस्य |
| 17. | प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 18. | प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, डायरेक्टर–आईक्यूएसी | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 19. | प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्रकल्याण | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 20. | श्री एच.एन. चौबे, परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य |
| 21. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक) | सचिव |

कुलपति महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में प्रेरणादायी उद्‌बोधन दिया एवं कुलपति महोदय के प्रेरणादायी उद्‌बोधन के पश्चात् निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

**विषय क्र.01** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 190वीं बैठक दिनांक 21.10.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 190वीं बैठक दिनांक 21.10.2024 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

**विषय क्र. 02** **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 190वीं बैठक दिनांक 21.10.2024 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 190वीं बैठक दिनांक 21.10.2024 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

Randive
26-10-2024

26/10/2024

**विषय क्र. 03.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में डिजिटल कला एवं संस्कृति विरासत हेतु उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना संबंधी प्रस्ताव उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित करने पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में डिजिटल कला एवं संस्कृति विरासत हेतु उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं यथोचित प्रस्ताव उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया जाय।

**विषय क्र. 04.** **गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा, साइबर अपराध एवं धोखाधड़ी जांच हेतु उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना संबंधी प्रस्ताव उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित करने पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में साइबर सुरक्षा, साइबर अपराध एवं धोखाधड़ी जांच हेतु उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं यथोचित प्रस्ताव उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया जाय।

**विषय क्र. 05.** **गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में रक्त संबंध संस्कार योजना (जी.जी.व्ही.आर.एस.एस.) प्रारम्भ किये जाने पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में रक्त संबंध संस्कार योजना (जी.जी.व्ही.आर.एस.एस.) प्रारम्भ किये जाने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त प्रस्ताव के सुचारू संचालन हेतु दिशा–निर्देश प्रारूपण हेतु समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**विषय क्र. 06.** **विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए ''जीजी.वी सस्पेंडेंड समोसा, कॉफी और चाय योजना'' के प्रस्ताव पर विचार हेतु।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए ''जीजी.वी सस्पेंडेंड समोसा, कॉफी और चाय योजना'' के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव पर विचार किया गया एवं सैद्धांतिक रूप से अनुमोदन किया गया।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय किया कि उपरोक्त प्रस्तावित योजना के नाम में परिवर्तन किया जाय। यथोचित नामकरण हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त प्रस्ताव के सुचारू संचालन हेतु दिशा–निर्देश प्रारूपण हेतु समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**विषय क्र. 07.** **B.Ed. Special Education (HI & LD) सत्र 2023–24 में संचालित Syllabus को ही सत्र 2024–25 में भी संचालित करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

निर्णय :— विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि B.Ed. Special Education (HI & LD) सत्र 2023–24 में संचालित Syllabus को ही सत्र 2024–25 में भी संचालित करने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि आर.सी.आई. से प्राप्त पाठ्यक्रम को शैक्षणिक सत्र 2025–26 से लागू किये जाने की सूचना आर.सी.आई. को पत्र के माध्यम से प्रेषित की जाय।

**विषय क्र. 08.** **लक्ष्मण कैवर्त छात्र बी.एड. (Special Education L.D.) प्रथम सेमेस्टर शुल्क, मेस शुल्क और छात्रावास शुल्क सुदामा योजना के तहत दिये जाने पर विचार।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि लक्ष्मण कैवर्त छात्र बी.एड. (Special Education L.D.) प्रथम सेमेस्टर शुल्क, मेस शुल्क और छात्रावास शुल्क सुदामा योजना के तहत प्रदान किये जाने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण, वित्त शाखा से समन्वय स्थापित कर उक्त कार्य को सम्पन्न करायेंगे।

## अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र .01** बैठक के दौरान स्थायी समिति के समक्ष इंडियन लैंग्वेज एवं डायलेक्टस क्लब स्थापना संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त प्रस्ताव के सुचारू संचालन हेतु दिशा–निर्देश प्रारूपण हेतु समिति का गठन किया जाय। समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

**अ.अ.वि.क्र .02** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अध्ययन मण्डल मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की बैठक दिनांक 03.07.2024 का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत कार्यवृत्त एवं पाठ्यक्रम पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तुत पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेशों के प्रावधानों के अनुरूप हो।

**अ.अ.वि.क्र .03** बैठक के दौरान स्थायी समिति के समक्ष गोल्ड मेडल स्मृति पदक के रूप में स्थापना संबंधी प्राप्त आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त आवेदन पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि स्व0 श्री नारायण प्रसाद कौशिक के नाम पर गोल्ड मेडल स्मृति पदक (स्वर्ण मंडित पदक) स्थापित किया जाय तथा आवेदक से प्राप्त आवेदन के आधार पर प्रस्तावित अर्हता पूर्ण करने वाले छात्रा को आगामी दीक्षांत समारोह से स्मृति पदक प्रदान किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि आगामी दीक्षांत समारोह आयोजन के दौरान उक्त स्मृति पदक निर्माण में होने वाले व्यय की राशि के लिए मांग पत्र दानदाता को प्रेषित कर दिया जाय।

**अ.अ.वि.क्र .04** विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष फार्मेसी विभाग के पांचवे सेमेस्टर के कुछ विद्यार्थियों के ए.टी.के.टी. परीक्षा संबंधी विषय प्रस्तुत किया गया। स्थायी समिति ने प्रस्तुत विषय पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने के सुझाव के साथ विषय संज्ञान में लिया।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

Randive 26-10-2024 | 26/10/2024
---|---
**कुलसचिव (कार्यवाहक) / सचिव** | **कुलपति / अध्यक्ष**

3/3